Publication: Rajasthan Patrika; Date: 13 Aug 2011;
Edition: Ahmedabad;

महाराजा अग्रसेन विद्यालय की टीम बनी विजेता

टीसीएस आईटी क्विज 2011

अहमदाबाद (का.सं.). देश की अग्रणी आईटी सर्विस कम्पनी टाटा कन्सल्टन्सी सर्विसीज (टीसीएस) की ओर से अहमदाबाद में आयोजित देश के विद्यालयों की सबसे बड़ी टेक क्विज, टीसीएस आईटी विज 2011 को अच्छा प्रतिसाद मिला।

शहर के टागोर हॉल में आयोजित इस स्पर्धा में 100 विद्यालयों के 950 से अधिक बालकों ने भाग लिया। इसके फाइलन में महाराजा अग्रसेन शाला, अहमदाबाद के यश गोयल एवं मानस गुप्ता विजेता रहे, जिन्हें ट्रॉफी, गेलेक्सी टेब्लेट एवं डिजिटल कैमरे दिए गए, जबकि संत कबीर, वडोदरा के दिगंत बाखरी व हर्षिल वैद्य उपविजेता रहे, इनको एनआईडी के निदेशक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रद्युम्न व्यास ने ट्रॉफी वितरित की।

प्रादेशिक फाइनल में पहुंची 6 टीमों को टीसीएस की ओर से पुरस्कार वितरित किए गए, इसके अलावा सवालों के सही जवाब देने वाले दर्शकों को भी ईनाम दी गई। टीसीएस आईटी विज 2011 के प्रादेशिक राउन्ड 12 शहरों अहमदाबाद, हैदराबाद, बेंगलूरु, चेन्नई, कोइम्बतूर, पुणे, कोलकाता, भुवनेश्वर, कोची, लखनऊ, दिल्ली एवं मुम्बई में आयोजित किया जाएगा।

प्रादेशिक राउन्ड के बाद दिसम्बर में राष्ट्रीय फाइनल आयोजित होगा, जिसमें 12 प्रादेशिक राउन्ड विजेता टीम टीसीएस आईटी विज नेशनल चैम्पियम टाइटल के लिए एक-दूसरे के साथ स्पर्धा करेंगे।